बरेली, रविवार
19 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+4+4=30

दैनिक जागरण

PAGE NO : III MIDDLE

17 रन से एसआर और 171 रन से जीता विद्या वर्ल्ड

बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एसआर इंटरनेशनल ने सेक्रेड हार्ट्स को 17 रन से हराया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसआर ने चार विकेट पर 160 रन बनाए। अभिमन्यु श्रीवास्तव ने 33, शौर्य ने 32 और अर्णव यादव ने 25 रन की उपयोगी पारी खेली। जवाब में सेक्रेड हार्ट्स की टीम नौ विकेट पर 143 रन ही बना सकी।

दूसरे मैच में विद्या वर्ल्ड स्कूल ने हरित पब्लिक स्कूल को 171 रन से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए विद्या वर्ल्ड ने आठ विकेट पर 234 रन बनाए, जिसमें अभिमन्यु ने 46 और अभय सक्सेना ने 41 रन बनाए। हरित पब्लिक स्कूल की टीम 63 रन पर सिमट गई। शिवांग मिश्रा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर सात विकेट लिए और मैन आफ द मैच बने। वि.